हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 30 सितम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 तीन पंचायत के ग्रामीणों से मजदूरी कराकर भुगतान करना भूल गया वन विभाग



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## वर्षों से कर रहे हैं मछली नदी पर पुल निर्माण की मांग

# बारिश खत्म होते ही ग्रामीणों ने देशी जुगाड़ से बनाया लकड़ी और बल्ली का पुल



लकड़ी के बने पुलस से नदी पार करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

यह तस्वीर छत्तीसगढ़ और सरगुजा के प्रमुख पर्यटन स्थल मैनपाट के पैगा-सुपलगा मार्ग की है जहां आज भी लोगों को अपनी जिंदगी को चलाने के लिए ऐसे देशी जुगाड़ पर निर्भर रहना पड़ता है। वर्षों से पुल निर्माण की आस लगाकर बैठे ग्रामीणों को हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला ऐसे में ग्रामीणों ने एक बार फिर से बांस और लकड़ी को मिलाकर एक पुल बना लिया। अब ग्रामीण इस लकड़ी के पुल पर ही अपनी बाइक चलाकर खतरे के बीच आवागमन करने को मजबूर है।

मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शासन प्रशासन अनेको जतन कर रहा है, करोड़ो रुपए के निर्माण कार्य कराए जा रहे है। समय समय पर विभिन्न आयोजन भी हो रहे है लेकिन आलम यह है कि मैनपाट के मूल निवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज भी मैनपाट के पैगा सुपलगा के लोग अपनी जान खतरे में डालकर आवागमन करते है। पैगा सुपलगा के बीच मछली नदी बहती है जो बारिश के समय उफान पर रहती है। बारिश के समय इस मार्ग पर आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो जाता है और कई बार नदी पार करते समय लोगों को अपनी जान गवानी पड़ती है। इस दौरान लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी उस समय होती है जब गांव में कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए या भी किसी गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो जाए। ऐसे में लोगों की जान खतरे में पड़ जाती है। यही वजह है कि ग्रामीण वर्षों से इस मार्ग पर पुल निर्माण की मांग कर रहे है। हालांकि शासन से मछली नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति पूर्व में ही मिल चुकी है लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हो पाई है।

### खास बात
- अब तक नहीं हुई कोई सार्थक पहल

### बारिश कम होते ही बनाया लकड़ी का पुल

बारिश के समय मछली नदी पर आवागमन बंद हो जाता है लेकिन बारिश समाप्त होने के बाद जब नदी का जल स्तर कम होता है तो स्थानीय लोगों द्वारा खुद ही देशी जुगाड़ से पुल का निर्माण किया जाता है। ग्रामीणों ने नदी में आवागमन के लिए लकड़ी के टुकड़ों और बल्लकी को जोड़कर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थायी पुल बनाया है। इस पुल को नदी पर बिछाकर लोग अपनी दो पहिया बाइक खतरे के बीच पार करते है। बड़ी बात यह है कि मैनपाट में सभी पहाड़ी नदियां है और पहाड़ी नदी में बारिश होने पर कभी भी नदी का जल स्तर बढ़ जाता है।

### तय करनी पडती है लम्बी दूरी

बड़ी बात यह है कि मछली नदी पर पुल नहीं होने से सुपलगा के लोगों को विकासखंड मुख्यालय जाने के लिए 30 किमी की दूरी तय करनी पडती है। ग्रामीण पहले 15 किमी की दूरी तय कर उल्टापानी जाते है और फिर उल्टापानी से 15 किमी का सफर त्य कर नर्मदापुर पहुंचते है। ऐसे में उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हैरानी की बात तो यह है कि समय समय पर अधिकारी मैनपाट के दौरे करते है लेकिन इन ग्रामीणों की असल समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### ली जाएगी जानकारी

इस बात की जानकारी नहीं है। मैं स्वयं इसकी जानकारी लेता हूं। जानकारी लेकर पहल की जाएगी।
-डीएस उईके
एसडीएम

## खबर संक्षेप

### जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की सामान्य सभा आज

**अंबिकापुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की 70वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक मंगलवार की दोपहर 3 बजे से बैंक के देवीगंज रोड स्थित प्रधान कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैंक के वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित वित्तीय पत्रक, लाभ-हानि, अनुमानित आय-व्यय एवं आगामी वित्तीय वर्ष एवं प्रस्तावित कार्य योजना के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किये जायेगें। बैठक में बैंक से सम्बद्ध सहकारी समितियों के अंशधारी सदस्यों को उपस्थित होने कहा गया है। सीईओ ने बताया कि निर्धारित समय में गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित कर उसी स्थान पर आधे घंटे के बाद बैठक प्रारम्भ की जाएगी।

# आरक्षक ने कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा से किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में पदस्थ एक आरक्षक पर कॉलेज में पढने वाली छात्रा से दुष्कर्म का आरोप लगा है।

- आईजी के निर्देश पर जशपुर में शून्य पर अपराध दर्ज, बलरामपुर कोतवाली क्षेत्र का मामला, छात्रा के रिश्तेदार भी पुलिस विभाग में

आरोपी ने छात्रा से पहले दुष्कर्म किया और फिर माफी मांग ली लेकिन बाद में फिर से उसने छात्रा को अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद छात्रा ने पढ़ाई छोड़ दी। अब इस मामले में आईजी के निर्देश पर जशपुर जिले में शून्य पर अपराध दर्ज किया गया जबकि बलरामपुर में नम्बरी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

बताया जा रहा है कि मूलतः जशपुर जिले के बगीचा में रहने वाली 21 वर्षीया छात्रा बलरामपुर में अपने रिश्तेदार के घर रहकर बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। बलरामपुर में रहने वाले उसके रिश्तेदार पति-पत्नी भी पुलिस विभाग में पदस्थ है। आरोप है कि कि छात्रा का परिचय बलरामपुर पुलिस लाइन के वाहन शाखा में पदस्थ आरक्षक सत्येन्द्र पाठक से हुआ था। 22 फरवरी को जब उसके रिश्तेदार ड्यूटी पर गए तो दोपहर में सत्येन्द्र पाठक घर में घुस आया और छात्रा से रेप किया। दुष्कर्म के बाद आरक्षक भाग निकला। जब छात्रा के रिश्तेदार ड्यूटी से वापस लौटे हो उसने घटना की जानकारी दी जिसके बाद रिश्तेदार पुलिसकर्मियों ने आरक्षक सत्येंद्र को घर में बुलाकर पूछताछ की। इस दौरान आरक्षक ने दोबारा इस प्रकार की कोई हरकत नहीं करने की कसम खाई और उसके रिश्तेदारों को अपराध दर्ज नहीं करने के लिए मना लिया। इस घटना के दो सप्ताह बाद फिर से आरक्षक सत्येन्द्र पाठक ने छात्रा को अकेले पाकर अपनी स्कूटी में ⏭ शेष पेज 4 पर

### चल रही है जांच

जशपुर जिले में शून्य पर अपराध दर्ज कर केस डायरी भेजी गई है। इस मामले में नम्बरी अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-वैभव बैंकर रमनलाल
एसपी

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113
CAMPUSE VIEW






## खबर संक्षेप



### जीएसटी एवं आत्मनिर्भर विषय को लेकर हुई कार्यशाला

**सोनगरा।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यक्रम के अंतर्गत जरही मंडल में जीएसटी एवं आत्मनिर्भर भारत के विषय पर कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला मंडल उपाध्यक्ष व सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के मंडल संयोजक शरद चंद द्विवेदी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री व मंडल प्रभारी अशोक सिंह शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन मंडल उपाध्यक्ष शरद चन्द्र द्विवेदी द्वारा किया गया। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने जीएसटी को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि रोजमर्रा के जीवन में हम जो रोजाना जरूरत की चीजों का उपयोग करते हैं उन सभी वस्तुओं का मूल्य कम हुआ है जिसका लाभ आम जनों को होगा। भाजपा जिला महामंत्री अशोक सिंह कार्यशाला को संबोधित करते हुए संगठनात्मक चर्चा व सेवा पखवाड़ा के तहत चल रहे हैं विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने आम जनता तक पहुंचाने को कहा व कार्यक्रम के सबंध में बताया। इस दौरान फागु चक्रधारी, सुरेंद्र जायसवाल ,संतोष यादव, समय लाल मिश्रा, विश्वजीत सोनी, शुभम जायसवाल,गोकुल चक्रधारी, प्रतीक जयसवाल, विकास तिवारी, राजू शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दिव्यांग जगदंबा सिंह स्वरोजगार से परिवार का कर रहे पालन-पोषण

**रामानुजगंज।** नगर वार्ड क्रमांक निवासी 30 वर्षीय दिव्यांग जगदंबा सिंह जीवन की तमाम चुनौतियों के बावजूद आत्मनिर्भरता और हिम्मत की मिसाल पेश कर रहे हैं। बचपन से ही दाहिने पैर से दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। वह आज ऑटो चलाकर माल ढोने जैसे कठिन कार्य से न केवल अपना, बल्कि पूरे परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। जगदंबा सिंह की दो बेटियां हैं, जिनकी जिम्मेदारी वह पूरी मेहनत से उठाते हैं। प्रतिदिन टेंपो चलाकर और स्वयं माल लोड-अनलोड कर वे लगभग 500 से 600 रुपये की आय कर लेते हैं। यह कार्य सामान्य व्यक्तियों के लिए भी कठिन होता है, परंतु दिव्यांगता को मात देकर जगदंबा यह चुनौती भरा कार्य बीते छह वर्षों से कर रहे हैं। पूर्व में वे बढ़ई का काम करते थे, लेकिन 2019 तक काम से पर्याप्त आमदनी न होने के कारण उन्होंने सेकंड हैंड टेंपो खरीदकर माल ढुलाई का कार्य प्रारंभ किया। इस कार्य से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। जगदंबा की पत्नी गुलाबी सिंह भी दिव्यांग हैं। बावजूद इसके दोनों पति-पत्नी ने कभी भी दिव्यांगता को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। जगदंबा का कहना है कि यदि उनकी पत्नी को कोई छोटा-मोटा कार्य मिल जाए तो परिवार को आर्थिक रूप से और मजबूती मिलेगी। उन्होंने शासन-प्रशासन से सहयोग की मांग की है।



## जंगल में ग्रामीणों ने नवम्बर से जनवरी तक किया था कूप कटाई का कार्य

# तीन पंचायत के ग्रामीणों से मजदूरी कराकर भुगतान करना भूल गया वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

**खास बात**
- दस महीने से मजदूरी राशि के लिए भटक रहे ग्रामीण

तीज त्यौहार में पैसों की जरूरत हर किसी को पड़ती है। ऐसे में लोग अच्छे से परिवार के साथ तीज त्यौहार मना सके इसके लिए कई माह पूर्व से मजदूरी कर एक एक पैसा जोड़कर रखते है। कई महीने मजदूरी के बाद भी अगर मजदूरी राशि नहीं मिल तो मजदूर पर क्या बितती होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थित तीन ग्राम पंचायत के मजदूरों की है। ग्राम पंचायत मानी, पोड़ी व जोबगा के मजदूरों ने पिछले साल नम्बर से जनवरी माह तक जंगल में कूप कटाई का कार्य किया। हैरानी की बात तो यह है कि मजदूरों को मजदूरी कार्य किए लगभग 10 माह हो गए लेकिन आज तक मजदूरी राशि नहीं मिली। ग्रामीण पिछले 10 माह से मजदूरी राशि के लिए विभाग का चक्कर लगा रहे है लेकिन मजदूरी राशि नसीब नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

सूरजपुर वन परिक्षेत्र सर्कल केतका के पोड़ी बिट कक्ष क्रमांक पी 1760 में पिछले वर्ष नवंबर माह से इस वर्ष जनवरी माह तक कूप कटाई का कार्य हुआ है। वन विभाग के फील्ड कर्मचारियों ने ग्राम मानी ,पोड़ी व जोबगा के मजदूरों से तीन माह तक कार्य कराया है। कर्मचारियों ने मजदूरों से काम तो कराया लेकिन मजदूरों को मजदूरी राशि देना भूल गए। इधर मजदूर एक दो माह के भीतर मजदूरी मिलने की आस में थे लेकिन मजदूरों की आस उस समय निराशा में बदल गई जब मजदूरी करने के दस महीने बात भी आज तक मजदूरी भुगतान नहीं हो सकी है। मजदूरी करने वाले मजदूर सेवक राम ने बताया कि नम्बर से जनवरी माह तक तीन पंचायत के मजदूर जंगल में कूप कटाई का काम किए। लेकिन दस माह बाद भी मजदूरी नहीं मिली। तीन पंचायत के मजदूरों का लगभग दो लाख मजदूरी राशि आज तक नहीं मिली। मजदूरी राशि नहीं मिलने से काम करने वाले मजदूरों की आर्थिक स्थिति भी खराब हो गई है। ऐसे में तीज त्यौहार शुरू हो चुके है और सभी को पैसे की जरूरत है। सर्कल ऑफिस केतका जा जाकर सर्कल के दरोगा से पैसा की मांग करते थक गए है। मजदूरों ने जल्द मजदूरी राशि दिए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दीपावली से पहले भुगतान नहीं किया गया तो तीनों पंचायत के मजदूर कलेक्टर, डीएफओ ऑफिस जाकर आंदोलन करेंगे।



ग्राम पंचायतों के मजदूर।

### चौकीदारों को नहीं मिला वेतन

जंगल में कूप कटाई करने के बाद मजदूरी राशि के लिए तीन ग्राम पंचायत के मजदूर पिछले दस महीने से परेशान है। जबकि दूसरी ओर सर्कल में कार्य करने वाले चौकीदारों का भी वेतन पिछले दस महीना से नहीं मिला है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति चरमरा सी गई है। बताया गया कि उन्हें अल्प तनख्वाह में काम करना पड़ रहा है जो आज के स्थित में एक दिन कि मजदूरी से भी कम है। बावजूद इसके विभाग के अधिकारी सालों से वेतन समय पर नहीं देते। एक महीना काम करने के बाद उन्हें महज 6 हजार रुपये ही मिलता है। इसके लिए भी वेतन के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता है। साल में महज एक या दो महीने का वेतन दिया जाता है। ऐसे में अपने रोजमर्रा के संकट से गुजर रहे लोग जंगल या नर्सरी का किस प्रकार रखवाली कर सकते यह आसानी से समझा जा सकता है।

### ऑफिस में जमा किए हैं कागजात

क्षेत्र के पी पी 1760 में नवम्बर से जनवरी माह तक कूप कटाई का कार्य कराया गया। तीन पंचायत के मजदूर काम किए थे जिसका मजदूरी भुगतान के सभी प्रकार का कागज रेंज ऑफिस में जमा कर दिए है। लेकिन रेंज से बताया गया है फंड वापस हो गया दोबारा आने पर भुगतान किया जाएगा।

-देवेंद्र राजवाड़े
बीट गार्ड

### लगातार दे रहे रेंज में जानकारी

मजदूर रोजाना फोन करके और ऑफिस में आकर मजदूरी भुगतान की मांग कर रहे है। हमलोग काम की हाजरी का सारा कागजात रेंज में दे चुके है। साथ ही लगातार जानकारी रेंज को दे रहे हैं कि कब पेमेंट हो पाएगा लेकिन आज तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है।

-डीके सिंह, वनपाल

### जल्द कराएंगे भुगतान

अभी हाल ही में ज्वाइन किया हूं। इस संबंध में सूरजपुर रेंजर से बात करूंगा। जल्द ही मजदूरों के मजदूरी राशि का भुगतान किया जाएगा।

-अशोक तिवारी
एसडीओ फॉरेस्ट



## स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने भाजपा की पहल, वोकल फॉर लोकल के लगे स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दृष्टि से वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम के स्टॉल का शुभारंभ विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की अध्यक्षता,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी मुकेश गर्ग की उपस्थिति में किया गया।

विधायक श्री मरावी ने फीता काटकर वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकल फॉर लोकल मुहिम को आत्मसात करते हुए स्थानीय कलाकारों व बुनकरों को प्रोत्साहित करने तथा स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष पहल की गई है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि खादी वस्त्र केवल कपड़ा ही नहीं बल्कि हमारे इतिहास, संस्कृति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। हमें स्वदेशी चीजों को अपनाते हुए देश को प्रगति के पथ पर ले जाना है। जिससे हमारी स्थानीय अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत की दिशा दोनों को मजबूती मिलेगी। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी भाजपा जिला प्रवक्ता मुकेश गर्ग, सह प्रभारी कृष्ण कुमार गोयल, भाजपा जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग, अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष संत सिंह, जनपद अध्यक्ष स्वाति सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सड़क मरम्मत की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राजपुर।** एनएच 343 की जर्जर सड़क के मरम्मत की मांग को लेकर नगरवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों सड़क मरम्मत का कार्य नहीं होने पर 6 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आन्दोलन की चेतावनी दी है।

एसडीएम कार्यालय पहुंचे नगरवासियों ने बताया कि एनएच 343 की सड़क नगर के बीच से होकर गुजरती है लेकिन इस सड़क पर बड़े बड़े और जानलेवा गड्ढे हो गए है। बारिश में गड्ढों में पानी भरने से स्थिति गंभीर हो जाती है और आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इसके साथ ही आम जनता, स्कूली बच्चों, व्यवसायियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सड़क के कारण आए दिन जनहानि एवं धन हानि हो रही है एवं क्षेत्र के व्यापार पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है साथ ही साथ पूरे शहर की सड़कों में होने वाली धूल से हो रही परेशानियों से आम जनता ग्रस्त है। बारिश एक बाद उड़ने वाली धूल से एलर्जी, खांसी जैसी बिमारियों हो रही हैं। नगरवासियों ने 5 अक्टूबर तक नगर के बीच सड़क मरम्मत का कार्य कराने की मांग की है और मांग पूर्ण नहीं होने पर 6 अक्टूबर से अनिश्चितअक्लीन चक्का जाम और धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान प्रभात रंजन त्रिपाठी, भीमराज बंसल, मामन चंद गर्ग, राजेश बंसल, विशवास गुप्ता, विकास बंसल, रवि सोनी, सीटू अग्रवाल, संजीव गुप्ता, विनोद जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।



## बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन, युवा कांग्रेस ने जलाई प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर सरगुजा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर बिजली बिलों की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। यह प्रदर्शन बिजली बिलों में लगातार हो रही वृद्धि, बार-बार की जा रही बिजली कटौती और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा पूर्व कांग्रेस सरकार की बिजली सब्सिडी योजना में की गई कटौती के खिलाफ आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने आम जनता को राहत प्रदान करने के लिए 400 यूनिट तक के बिजली बिल पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की थी, जिससे लाखों परिवारों को लाभ मिला। भाजपा सरकार ने इस छूट को घटाकर मात्र 100 यूनिट तक सीमित कर दिया है जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। साथ ही बिजली दरों में निरंतर वृद्धि और अनियमित बिजली आपूर्ति ने जनता की परेशानियों को और बढ़ा दिया है।

जिला अध्यक्ष विकल झा ने कहा कि प्रदेश भर में चरणबद्ध आंदोलन किए जाएंगे विधायक, मंत्री आवासों का घेराव किया जाएगा। प्रदेश महासचिव विष्णु सिंह देव ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियां आम आदमी को त्रस्त कर रही हैं। हम इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे और जनता की मांगों को पूरा करने तक संघर्ष जारी रखेंगे। आरटीआई चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने कहा कि बिजली सब्सिडी को पूर्ववत बहाल किया जाए और बिलों में अनुचित वृद्धि पर रोक लगाई जाए। इस दौरान रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, सतीश बारी, विकास केशरी, अविनेंद्र सिप्पू, आकाश अग्रहरि, हिमांशु अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, गौतम गुप्ता, आकाश यादव ,योगेश दुबे, रजत दुबे, संजर नवाज़, लोलर सिंह, वैभव, अभिषेक गुप्ता, अभिनव काशी, आकाश यादव, साहिल अली सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा कार्यालय के लिए पूर्व मंडल अध्यक्ष ने 10 तो पूर्व नपं उपाध्यक्ष ने 5 डिसमिल भूमि की दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा प्रभारी विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के मार्गदर्शन एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में मंडल के सभी मतदान केदो में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इसी क्रम में भाजपा मंडल कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रत्नेश यादव द्वारा भाजपा कार्यालय के लिए 10 डिसमिल एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष हेमंत खैरवार द्वारा 5 डिसमिल भूमि दान की जिसका सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं विनोद श्रेष्ठ की अध्यक्षता व पूर्व मंडल अध्यक्ष रत्नेश यादव, अक्षय तिवारी, श्रीमती सीता पैकरा, सौरभ मानिकपुरी के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष धूप दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती सिंह एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष रत्नेश यादव व अक्षय तिवारी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन शैली आदर्श अंत्योदय की सोच पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रत्नेश यादव द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भारतीय स्टेट बैंक के पीछे स्थित अपनी स्वामित्व भूमि से 10 डिसमिल जमीन पार्टी कार्यालय के लिए दान किया। इसी तरह नगर पंचायत प्रतापपुर के पूर्व उपाध्यक्ष हेमंत खैरवार ने भी अपने स्वामित्व जमीन से 5 डिसमिल पार्टी भवन कार्यालय के लिए दान किया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दोनों सामान्य दानदाताओं का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। इस दौरान अवधेश पांडे, हेमंत खैरवार, आशुतोष जायसवाल, शिव कुमार शुक्ला, सौरभ मानिकपुरी, श्रीमती सीता पैकरा, विनोद श्रेष्ठ, धर्मेंद्र कुमार, अशोक सोनी, मोहनलाल, संदीप रजक, विक्रम नामदेव, आर्यन दुबे, अजय सिंह, विजेंद्र कश्यप, योगेंद्र सिंह, सोनू शर्मा, संतोष रजक, हर्षित गुप्ता, रवि, बुधराम देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### घर के सामने से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी निवासी अर्जुन कुमार आ. शिवपति प्रजापति (27 वर्ष) 17 सितंबर को बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 6240 को घर के परछी में खड़ा कर सो गया। दूसरे दिन उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। युवक ने बाइक नहीं मिलने पर घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## चोरी की मोटरसायकल सहित अपचारी पुलिस हिरासत में



**सूरजपुर।** शिवप्रसाद नगर साप्ताहिक बाजार से चोरी हुई बाइक के मामले में पुलिस ने एक अपचारी का न सिर्फ हिरासत में लिया बल्कि उसके पास से चोरी की गई बाइक को जब्त किया है। पुलिस ने अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम बड़सरा झिलमिली निवासी शिवप्रताप साहू ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 20 जून को अपने बाइक से साप्ताहिक बाजार शिवप्रसादनगर गया था। शिव प्रसाद बाइक को खड़ा कर हेंडल को लॉक करने के पश्चात सब्जी लेने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच चौकी बसदेई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि सूरजपुर का एक विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक चोरी की बाइक से घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम बाइक सहित अपचारी को पकड़ा। पूछताछ पर उसने साप्ताहिक बाजार शिवप्रसादनगर से बाइक चोरी करने की बात बताई। पुलिस ने बाइक को जब्त कर विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रहे।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ.आशीश जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ.हेमन्त कुमार बी - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ.सोनल गार्डिया - जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ.भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - नाक कान गला रोग विशेषज्ञ
डॉ.नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन आरा - एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विशेषज्ञ
डॉ.हिमांशु गुप्ता - कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- सिर दर्द एवं माइग्रेन
- लकवा (पैरालाइसिस)
- चक्कर बेहोशी
- हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
- मिर्गी, फिट
- हॉथ और पैरों में कमजोरी
- डायबिटिक न्यूरोपैथी
- हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक -21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर | मो. 9826461355

**खबर संक्षेप**

## शारदीय नवरात्रि पर गरबा डांडिया का आयोजन आज

**बिश्रामपुर।** शारदीय नवरात्रि पर गरबा डांडिया का दो दिवसीय आयोजन आज व कल किया जाएगा,समलेश्वरी महामाया मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मंदिर प्रांगण में 30 सितंबर दुर्गा अष्टमी एवं 1 अक्टूबर दुर्गा नवमी के अवसर पर गरबा डांडिया का आयोजन किया जाना तय हूआ है,गरबा डांडिया को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है, गरबा डांडिया में व्यापक रूप से श्रद्धालुओं से शामिल होने आह्वान किया गया है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया स्वस्थ माँ दिवस



**सोनगरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर के निर्देश एवं खंड चिकित्सा अधिकारी प्रतापपुर डॉ अजीत कुमार दीवान के मार्गदर्शन में 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनगरा में स्वस्थ मां दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य मां दिवस अंतर्गत संस्था में आए सभी शिशुवती, गर्भवती, वृद्ध महिलाओं व किशोरियों का स्वास्थ्य जांच व नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही महिला स्वास्थ्य के प्रति सलाह व जानकारी दिया गया। संस्था में आए वृद्ध महिलाओं को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रभारी मीना राजवाड़े, नेत्र सहायक अधिकारी अमित कुमार सोनी, श्याम राजवाड़े, प्रियंका वर्मा,जयंती तिर्की, सोनिया चौधरी, एमडी राजा, शांति गुप्ता उपस्थित रहे।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत महादेवपुर में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



**रामानुजगंज।** दीन हीन सेवा समिति एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम महादेवपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्र के लिए स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं जनजागरूकता स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम रहे। उन्होंने समिति के समाजसेवी प्रयासों की सराहना करते हुए उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता अपनाने, बीमारियों से बचाव और स्वास्थ्य शिक्षा के महत्व को प्रेरणादायी बताया। दीन हीन सेवा समिति की संचालक श्रीमती मनीषा सिंह लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के लिए सेवा कार्य कर रही हैं। विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला उत्थान, नशा मुक्ति एवं सामाजिक प्रकल्पों को लेकर सक्रिय हैं। शिविर में सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह, सीईओ जनपद रणवीर साय, डीपीएम एनएचएम स्मृति एक्का, बीएमओ डॉ. महेश गुप्ता, बीपीएम गुलाब डहरिया, कुश गुप्ता, मनोज गुप्ता ने सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलवंत सिंह, जिला पंचायत सभापति मुंशीराम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जनपद सदस्य राजकुमार पुसाम,सरपंच हरिहर कृपाल कुशवाहा, पुष्पकांत यादव, जितेंद्र यादव, पिंटू रहमान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम तिलसिवां में वृद्धजनों का किया गया सम्मान



**सूरजपुर।** रविवार को स्नेह संबंल वृद्धा आश्रम तिलसिवां में वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को शॉल एवं अन्य सामग्री प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 10 वरिष्ठ पुरुष एवं 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने वृद्धजनों को समाज का अनुभव-संपन्न धरोहर बताते हुए उनके जीवन संघर्ष और योगदान को प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

## शराब पीकर ड्यूटी करने वाला आरक्षक निलंबित

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अनुशासनहीनता, उदासीनता व स्वेच्छाचारी आचरण को लेकर सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरक्षक को निलंबित कर दिया है। 29 सितंबर को पुलिस लाईन में पदस्थ आरक्षक विकास तिग्गा ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में मिला। जिस पर रक्षित निरीक्षक द्वारा आरक्षक का डॉक्टरी मुलाहिजा जिला चिकित्सालय में कराया। आरक्षक के मुलाहिजा रिपोर्ट में शराब का पीना पाया गया। रक्षित निरीक्षक द्वारा इस बावत प्रतिवेदन एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर को भेजा। जिस उन्होंने तत्काल प्रभाव से आरक्षक विकास तिग्गा को निलंबित कर रक्षित केन्द्र सम्बद्ध कर दिया है। एसएसपी ने कड़ी चेतावनी दी है कि विभाग में किसी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी वहीं उत्कृष्ट कार्य पर पुरस्कृत किया जाएगा।

### नगर सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में शामिल हुए महिला व युवा

# गरबा-डांडिया कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब देर रात तक गीतों पर झूमते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- नगर में भक्तिभाव से किया जा रहा पूजा-अर्चना

नवरात्रि पर्व पर इस वर्ष प्रतापपुर में आयोजित गरबा महोत्सव ऐतिहासिक बन गया। मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा आयोजित गरबा–डांडिया कार्यक्रम में जिस तरह का उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली, वह प्रतापपुर के लिए यादगार बन गया। स्टेडियम ग्राउंड में नगर सहित आसपास क्षेत्र से लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देर रात तक गरबा नृत्य की धुनों पर लोग झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान रंग-बिरंगे परिधानों में महिलाओं और युवाओं ने जब डांडिया की ताल पर मां अम्बे की स्तुति में कदमताल किया तो पूरा मैदान भक्तिमय हो उठा। नृत्य व संगीत की तालमेल ने वातावरण को मनमोहक बना दिया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों ने आयोजन का भरपूर आनंद लिया।



गरबा नृत्य में शामिल महिलाएं व युवती।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतापपुर में नवरात्रि पर्व को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाने का उद्देश्य लोगों को धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता से जोड़ना है। गरबा-डांडिया जैसे पारंपरिक नृत्य लोगों को अपनी संस्कृति की ओर आकर्षित करते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी इस परंपरा को जीवंत बनाए रखते हैं। इधर प्रतापपुर नगर के बस स्टैंड स्थित मां दुर्गा पंडाल में भी सुबह और शाम आरती के समय श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। महिलाओं द्वारा सामूहिक भजन-कीर्तन और मां के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा है। प्रतिदिन आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस बार नवरात्रि का आयोजन प्रतापपुर के इतिहास में सबसे भव्य और आकर्षक साबित हुआ है। सामाजिक सहयोग और नगर की एकजुटता ने इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। इस दौरान आयोजन समिति में प्रमुख राजेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, अरविंद जायसवाल, अनमोल शर्मा, मुकेश तायल, कमलेश गुप्ता, संजय जायसवाल, नवीन सोनू जायसवाल, अंकित जायसवाल, अमित सोनी, सोनू कश्यप, बुली अग्रवाल, सीबू सिंह, समलेश गुप्ता, सूर्या जायसवाल, अजय, काजू कश्यप, मनीष तायल, शेखर शर्मा, सोनू रजक, शुभम कश्यप, रूपम मित्तल, अरमान शर्मा, अंकित रजक, गोलू जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।



## नगर में भक्तिभाव से मनाया जा रहा शारदीय नवरात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- निकाली गई कलश यात्रा

बलरामपुर जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र की धूम है। जिला मुख्यालय में लगभग विभिन्न चौक चौराहा में आधा दर्शन से ऊपर दुर्गा पंडाल स्थापित की गई है वही मुख्यालय के समीप आसपास के ग्रामों में भी विभिन्न चौक चौराहा पर गली मोहल्ले में दुर्गा पंडाल स्थापना की गई है और मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जा रही है।

शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन सभी पंडाल में दुर्गा मां के पाठ खुले और कलश यात्रा का आयोजन किया गया। विभिन्न पंडालों से कलश यात्रा निकाली गई। लोगों ने चनान और सिन्दूर नदी से जल उठाया और नगर भ्रमण कर पंडाल तक पहुंचे। इसके साथ ही पंडालों में सप्तमी तिथि को विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही दुर्गा पंडाल के विभिन्न समितियां के द्वारा प्रत्येक पंडाल पर बृहद भंडारे प्रसाद का भी आयोजन किया गया है जिससे लोग बढ़ चढ़कर के ग्रहण कर रहे हैं। विभिन्न समितियां द्वारा गरबा डांडिया नृत्य, अखंड रामायण पाठ, बड़े पर्दे पर रामायण आदि का प्रदर्शन के अलावा कई जगह पर आर्केस्ट्रा नृत्य का भी आयोजन किया जा रहा है। पंडित जितेंद्र तिवारी ने बताया कि इस बार नवरात्रि में चतुर्थी तिथि 2 दिन होने के कारण लोगों को एक दिन अतिरिक्त मां दुर्गा के पूजन का अवसर मिला है इसलिए इस बार नवरात्र पूरे 10 दिन का है। मंगलवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की जाएगी साथ ही दोपहर 1.45 पर संधि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 1 अक्टूबर को महानवमी की पूजन और हवन के साथ हि मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा संपन्न होगी। 2 अक्टूबर को दोपहर से पहले मुहूर्त अनुसार मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न की जाएगी और दशहरा पूजन संपन्न होगा।

## डांस कुसमी डांस के तहत विजेता प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**कुसमी।** नगर पंचायत अंतर्गत वर्ष 1961 से स्थापित किए गए दुर्गा पूजा समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रजिस्ट्रेशन के माध्यम से क्षेत्र के प्रतिभागी बालक,बालिकाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके कला को निखारने हेतु डांस कुसमी डांस सीजन 8 का आयोजन किया गया है।

इस वर्ष डांस कुसमी डांस सीजन 8 में सीनियर ग्रुप में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु 11 हजार, 7 हजार 1 सौ एवं 5 हजार 1 सौ रुपए का पुरस्कार सांसद चिंतामणि महाराज, द्वारा एवं जूनियर ग्रुप में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः 11 हजार, 7 हजार 1 सौ एवं 5 हजार 1 सौ की राशि का पुरस्कार सामरी विधायक उद्धेश्वरी द्वारा तथा सीनियर ग्रुप में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः 7 हजार 1 सौ, 5 हजार 1 सौ एवं 3 हजार 1 सौ की राशि



जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज द्वारा दिया जा रहा है। वही जूनियर सोलो में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार अशोक सोनी जनपद उपाध्यक्ष द्वारा 7 हजार 1 सौ , 5 हजार 1 सौ, 3 हजार 1 सौ रुपए का पुरस्कार देने के साथ साथ इनके डांस गुरु कोरियोग्राफर को प्रथम , द्वितीय,एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, लक्ष्मण सिंह पैकरा विधायक प्रतिनिधि, अमर गुप्ता पुरस्कृत किया जा रहा है। इस वर्ष में डीकेडी के प्रतिभागी नगर पंचायत एवं विकासखंड के अलग अलग ग्राम पंचायत के साथ सूरजपुर, प्रतापपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर के प्रतिभागी बच्चे बढ़ चढ़ कर भाग लिए है। इस वर्ष इस पूरे कार्यक्रम में कुल 60 कार्यक्रम हेतु 109 प्रतिभागी बच्चे भाग लिए है। डीकेडी सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्णायक मंडली में उड़ीसा के 2 लोगों को बुलाया गया है। वही एक कुसमी की महिला प्रीति साय निर्णायक के रूप में भूमिका निभा रहे हैं। डांस कुसमी डांस कार्यक्रम को सभी लोगों द्वारा सराहा जा रहा है। इस वर्ष नगर पंचायत में 4 जगह पर भव्य रूप से दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम मनाया जा रहा है। कुसमी में मां दुर्गा पूजा समिति दुर्गा चौक, मां समलेश्वरी पूजा समिति सब्जी मंडी, मां शीतला मंदिर, मां भवानी पूजा समिति सामरी रोड, ग्राम पंचायत सबाग, ग्राम पंचायत कमलापुर सहित पूरे विकास खंड में अन्य जगहों पर बड़े ही धूम धाम से मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। दुर्गा पंडाल दुर्गा चौक में काफी संख्या में आसपास क्षेत्र के लोग रात्रि 7 से 12 बजे रात्रि तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठा रहे है।

## करमा प्रतियोगिता में रामेश्वरम की टीम बनी विजेता

**मानीचौक।** ग्राम पंचायत गेतरा में सामूहिक करमा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दूर दराज क्षेत्र से करमा नृत्य दल ने भाग लेकर मनमोहक प्रदर्शन किया। ग्राम पंचायत गेतरा में रविवार को सरगुजा के पारंपरिक नृत्य करमा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक नर्तक दल शामिल हुए। सती साजन करमा दल रामेश्वरम



ने पहला स्थान प्राप्त किया एवं द्वितीय अन्नपूर्णा एवं गंगोटी के टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता अपने नाम किया। कमेटी द्वारा प्रथम पुरस्कार 6 हजार एक सौ रुपए, द्वितीय पुरस्कार पांच हजार एक सौ एवं तृतीय पुरस्कार चार हजार एक सौ एवं प्रतियोगिता में भाग लिए सभी टीमों को तीन हजार पांच सौ रुपए सांत्वना पुरस्कार के रूप में अतिथियों ने देकर सम्मानित किया।

## नगर में पहली बार गरबा नृत्य, लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**सीतापुर।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर में पहली बार हुए रास गरबा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने हिस्सा लिया और देवी जसगीतों पर थिरके। बाहर से आये कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों में नगरवासियों ने जमकर गरबा नृत्य किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो ने नगर में पहली बार आयोजित रास गरबा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर के युवाओं ने शानदार एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित किया है। भविष्य में ऐसे आयोजन होते रहे इसके लिए जो भी सहयोग होगी मैं करूंगा। विशिष्ट अतिथि अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन एक मनोरंजन मात्र नही है बल्कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगो को आस्था से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। नवरात्र में लोग शक्ति की भक्ति में लीन है ऐसे अवसर पर इस तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों में एक नई ऊर्जा और जोश पैदा करता है। इस दौरान कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों पर विधायक रामकुमार टोप्पो गरबा नृत्य करते नजर आए। देर रात तक चलने वाला रास गरबा कार्यक्रम भक्तिभाव माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।

## किराना दुकान में बेचा जा रहा था गांजा आरोपी व्यापारी किया गया गिरफ्तार

- 60 हजार रुपए कीमत का 1600 ग्राम गांजा किया गया बरामद, एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चौकी क्षेत्र के महेशपुर स्थित किराना दुकान में छापा मार कार्यवाही कर दुकान में विक्रय के लिए रखा डेढ़ किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ गांजा को बरामद किया है,पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक भैयालाल चौधरी उर्फ लउवा पिता बुद्धु राम को धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया है,पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के किराना दुकानों में गांजा विक्रय किए जाने की लगातार उन्हें सूचना प्राप्त हो रही थी,तभी मुखबिर की पुख्ता सूचना पर सोमवार को कार्यवाही करते हुए आरोपी किराना दुकान संचालक को मौके पर गांजा विक्रय करते



पकड़कर उसके कब्जे 60 हजार रुपये कीमत का 1600 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार कर आज न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है, उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता, विकास मिश्रा,दिलेश्वर सिंह, शोभनाथ कुशवाहा, सुनील एक्का, कुंद लाल, मनोज सिरदार सहित चौकी के स्टॉफ सक्रिय रहे।

# संघ शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों का नगर में पथ संचलन, पुष्पवर्षा से जगह-जगह किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश को प्रान्त सह प्रचारक ने बताया गौरवशाली क्षण

हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हैं और हम सब मिलकर संघ का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं।उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत सह प्रचारक नारायण नामदेव ने शनि मंदिर प्रांगण में स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कही।



उन्होंने कहा कि भारत माता ने संत-महंत वीर-वीरांगना को जन्म दिया जब-जब इस राष्ट्र पर विध्वंसक कारी शक्तियां बढ़ती हैं मां भारती के कोख से कोई ना कोई महापुरुष जन्म लेता है,इस पवित्र धरा पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर विघटन कारी शक्तियों का दमन किया,हम सभी भाषा जीवन पद्धति अलग-अलग प्रांत अलग-अलग समाज के होते हुए भी मां भारती की संतान हैं,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 100 वर्ष जिसमें हमारे पूर्वज स्वयंसेवकों ने अपनी आहुतियां दी,बलिदान दिए तब जाकर संघ का यह विशाल बट वृक्ष आज भारत ही नहीं वरन विश्व का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक स्वयंसेवी संगठन तैयार हुआ है।सन 1925 में नागपुर से निकलकर संघ विश्व तक पहुंचा है यहां से निकलने वाले अन्य स्वयंसेवक देश के विभिन्न उच्च पदों पर मां भारती की सेवा कर रहे है और उनके मस्तक को ऊंचा कर रहे हैं,उन्होंने उपस्थित स्वयं सेवकों से कहा कि आप सभी संघ के शाखा में नियमित जाएं क्योंकि संघ का शाखा हमें जीवन पद्धति और जीवन जीने की कला सिखाती है,हमें एक रहने का बोध कराती है जब संघ के ऊपर प्रतिबंध लगा,तब लोगों ने सोचा कि संघ समाप्त हो गया लेकिन संघ वैचारिक रूप से और निखर कर समाज के सामने आया संघ हमें जीवन पद्धति सामाजिक रीति नीति परंपरा को आगे बढ़ाने की सीख देता है,संघ की शाखा से निकलने वाले दांतोपत,अटल बिहारी वाजपेई जैसे महान व्यक्तित्व हुए,और आज डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक समाजसेवी राजनीतिक ऐसा कोई संगठन नहीं जहां पर संघ का स्वयंसेवक स्थापित न हो, कार्यक्रम की अध्यक्षता बिंझिया समाज के संभागीय प्रमुख बूझन राम ने की और संघ की पृष्ठभूमि पर अपने विचार रखते हुए कहा कि संघ समाज का दर्पण है हमें संघ से प्रेरणा लेना चाहिए,राष्ट्रीय स्वयंसेवक का पथ संचलन चोपड़ा कॉलोनी स्थित मिनी स्टेडियम गणेश मंदिर से आरंभ होकर भटगांव रोड होते हुए बस स्टैंड मुख्य बाजार भ्रमण करते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा,और वापस बस स्टैंड होते हुए शनि मंदिर अय्यप्पा प्रांगण में समाप्त हुआ,भारत माता की जय घोष के साथ निकले इस भव्य पथ संचलन का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर पुष्प वर्षा के माध्यम से 25 स्थान पर भव्य स्वागत किया गया,पूर्ण गणवेश के माध्यम से चलने वाले यह अनुशासन बद्ध स्वयंसेवक को देख सबने सराहना की,इस अवसर पर जिला संघ चालक सत्यम गर्ग, विजय शर्मा, संजय भारत, संतोष गुप्ता, राजकिशोर चौधरी, राजेश यादव, सुजीत सिंह, दीपेंद्र सिंह चौहान, रितेश जायसवाल, सतीश तिवारी, दीनानाथ सिंह, भगवान मिश्र, कृष्ण गोयल बल्लू, वीरेश सिंह, महेश जैसवाल रामरतन मित्तल, रवि शंकर, विनय सिंह, महेश गुप्ता शंकर यादव, श्यामू साहू, मनी बग्गा, विवेक जायसवाल, विनोद शाह, मुख्य शिक्षक रवि पांडे,ललित गोयल, मयंक अग्रवाल,ठाकुरराम राजवाड़े सहित वरिष्ठ पुराने स्वयं सेवकों में गोपाल सिंह विद्रोही, कुलवंत सिंह,अनिल मिश्रा, चरणसिंह अग्रवाल, अजय गोयल, मथुरा गुप्ता एवं सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित होकर पथ संचलन में शामिल हुए,बाल स्वयंसेवक 7 वर्षीय बालाजी ने भी साढ़े तीन किलोमीटर की भव्य पथ संचलन यात्रा पुरी की जिसे प्रांत से प्रचारक नारायण नामदेव जी ने विशेष रूप से आशीष प्रदान करते हुए प्रतिदिन संघ की शाखा में जाने हेतु प्रेरित किया ।



## जो राष्ट्र के काम न आए वह जीवन है बेकार : देवनारायण

**डांड़गांव।** डांड़गांव के स्वयं सेवको द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूरा होने पर बड़ी संख्या में भव्य पथ संचलन किया। नेशनल हाईवे 130 डांड़गांव से गुमगा तक पथ संचलन हुआ और जय घोष के नारों के आसपास के क्षेत्र गुज उठा। इस अवसर पर जिला सह कार्यवाह देवनारायण यादव ने स्वयं सेवकों को संबोधित कर कहा कि आज संघ को देश सेवा के लिए कार्य करते सौ साल पूरे हुए हैं। जो राष्ट्र के लिए अपना अमूल्य समय जीवन न दे सके वह जीवन बेकार है। हर व्यक्ति को अपने राष्ट्र हित के लिए थोड़ा समय जरूर निकलना चाहिए। संघ राष्ट्र प्रेम और अनुशासन सिखाता है। इसके अलावा व्यक्तित्व निर्माण का कार्य करता है। व्यक्ति कैसे एक दूसरे एंव राष्ट्र के सुख दुख में एवं राष्ट्र को आगे बढ़ाने का काम करता है संघ के पहले संघ संचालक केशव बलि राम हेडगेवार ने भगवा ध्वज को गुरु मानक संघ की स्थापना की थी तो आज इस 100 साल में लाखों स्वयं सेवक संघ से जुड़ कर पूरे विश्व में राष्ट्र हित के लिए काम कर रहे हैं। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी सुखराम यादव, गोरे राम, रामनंद शर्मा ,दीपक अग्रवाल, पवन सांधे ,कोमल चन्द जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वंय सेवक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं को लेकर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने ऑल इंडिया अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि अंजुमन कमेटी संभाग का सबसे बड़ा इदारा और इसके अधीन कब्रिस्तान, ईदगाह, मजार, जामा मस्जिद और वक्फ की संपत्ति आती है। उन्होंने अलसंस्यकों के हित को ध्यान में रखते हुए मांग की है कि अलसंख्यकों के डर को खत्म करते हुए उनके ऊपर हो रहे अत्याचारों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाए। कई बड़े होटलों में मुस्लिम बैन पर भी कार्रवाई की जाए। मदरसों में विगत 9 वर्षों से शिक्षकों को वेतन नहीं मिल रहा है उन्हें वेतन दिलाया जाए। जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाने के कारण बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है ऐसे में जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल किया जाए। उन्होंने बताया कि सभी मदरसों में आधुनिक शिक्षा दी जा रही है लेकिन वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक तंगी से कई मदरसे बंद हो गए है। सरकार की तरफ से मदरसे में बच्चों को दी जाने वाली कीड़े, प्रोटीन, आयरन की दवा मिलना बंद हो गया है। कब्रिस्तान की बाउंड्री एवं रोड का निर्माण कराया जाए। अंबिकापुर में महज एक ही कब्रिस्तान है और बसाहट अधिक होने से एक छोर से दूसरे छोर की दूरी अधिक हो गई है इसलिए कब्रिस्तान के लिए जमीन स्वीकृत की जाए। मदरसों में शिक्षकों के वेतन को 6 हजार से बढ़ाया जाए, अल्प संख्यक बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर बनाने के लिए विशेष कोचिंग सुविधा प्रदान की जाए। अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास का निर्माण पूर्ण होने के बाद भी शुरू नहीं हुआ है इस छात्रावास को शुरू कराया जाए इसके साथ ही अल्प संख्यकों के लिए इंस्टीट्यूट खोने हेतु जमीन प्रदान की जाए।

### दुकान के सामने से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** मठपारा निवासी राजेन्द्र बहेलिया आ. बिन्दे बहेलिया (35 वर्ष) 27 सितंबर की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 डीए 6353 से अस्पताल रोड स्थित दुकान में किराना सामान लेने गया था। युवक बाइक को दुकान के सामने खड़ा कर सामान लेने चला गया और वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पेज 1 के शेष...

### आरक्षक ने कॉलेज में पढने...

बैठकर अपने घर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी हुई छात्रा ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी और पढ़ाई छोड़कर वापस घर चली गई। अप्रैल माह में उसने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी जिसके बाद परिजन उसे लेकर बलरामपुर थाना आए लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत नहीं लिखी। ऐसे में परेशान होकर छात्रा और परिजन ने आईजी सरगुजा से शिकायत की। शिकायत के बाद आईजी के निर्देश पर बगीचा पुलिस ने 22 सितम्बर को शून्य पर आरक्षक सत्येंद्र पाठक के खिलाफ धारा 332 (ख) एवं 64 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है। केस डायरी बलरामपुर पुलिस को भेज दी गई है।

# गुजारे के लिए रिटायर्ड प्रधान पाठक को निर्माण कार्यों में करनी पड़ रही मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से एक रिटायर्ड प्रधानपाठक को अपनी जीविका चलाने के लिए निर्माण कार्यों में मजदूरी करनी पड़ रही है। रिटायर होने के बाद प्रधानपाठक को विभाग से जो राशि मिली उसे बेटों ने हड़प लिया। प्रधानपाठक ने पेंशन के लिए छह महीने तक बीईओ कार्यालय का चक्कर लगाया लेकिन अधिकारी प्रधानपाठक से 25 हजार रूपए देने के बाद ही पेंशन प्रकरण बनाने की बात पर अड़ गए। मजबूरी में रिटायर्ड प्रधान पाठक को अपने भरण-पोषण के लिए पिछले डेढ़ साल से मजदूरी करनी पड़ रही है।

शासन द्वारा विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम इंदरपुर निवासी सुखलाल सिंह गोड़ आ.स्व.नानबुड़ा की नियुक्ति वर्ष 1995 में शिक्षाकर्मी वर्ग-3 के पद पर की गई थी। प्रशासन द्वारा विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत प्राथमिक शाला खरहरी जोर में उनको पदस्थ किया गया था। संविलयन उपरांत वर्ष 2018 में सहायक शिक्षक को उसी शाला में प्रधानपाठक पद पर पदोन्नत कर दिया गया। शासकीय नौकरी मिलने के बाद प्रधानपाठक अपनी पारिवारिक स्थिति सुधारने की लगातार कोशिशें करता रहा। उसने अपने दो बेटों को शिक्षित बनाने की भी जीतोड़ कोशिशें की लेकिन बेटे अपने बाप के वेतन की राशि से मौज करते रहे। वर्ष 2018 नवंबर में अर्धवार्षिकी आयु पूरी होने पर सुखलाल सिंह रिटायर हो गए । विभाग द्वारा उन्हें एनपीएस की कटौती राशि से 3.70 लाख का तत्काल भुगतान कर दिया गया। बेटों को जैसे ही रिटायर्ड पिता को लाखों रूपए मिलने की जानकारी मिली रोजी-रोजगार के लिए ट्रैक्टर खरीदने का दबाव डालने लगे। बेटों का दबाव इतना अधिक बढ़ गया कि सुखलाल सिंह को तत्काल एनपीएस की राशि से ट्रैक्टर खरीदना पड़ा। ट्रैक्टर खरीदने के बाद दोनों बेटे माता-पिता को छोड़कर अलग हो गए तथा पांच एकड़ पुश्तैनी जमीन को भी हथिया लिया। बेटों के अलग होने के बाद सुखलाल सिंह के पास भरण-पोषण के लिए सिर्फ पेंशन का सहारा था। पेंशन के लिए उन्होंने 6 महीने तक बीईओ कार्यालय का चक्कर लगाया। इस दौरान कार्यालय का लिपिक आवश्यक दस्तावेज नहीं होने का हवाला देकर महीनों दौड़ाता रहा। अंत में सुखलाल जब अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर रोने लगे तो लिपिक ने बीईओ साहब से मिलने के लिए कहा। सुखलाल सिंह का कहना है कि बीईओ ने उनसे पेंशन प्रकरण बनाने के लिए 30 हजार रूपए की मांग की। रिटायर्ड प्रधान पाठक ने राशि नहीं होने एवं पेंशन से राशि का भुगतान करने का आग्रह किया लेकिन अधिकारी राशि देने के बाद ही पेंशन प्रकरण स्वीकृत करने की बात पर अड़े रहे। दो दिन पूर्व कुछ कर्मचारी नेताओं को इसकी भनक लगी तो उन्होंने कार्यालय के लिपिक से बात की लिपिक शिक्षक को अपने सेवाकाल में स्कूल छोड़ मजदूरी करने एवं अधिकारी ने आवश्यक दस्तावेज अब तक उपलब्ध नहीं कराने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लिया।रिटायर्ड प्रधान पाठक सुखलाल सिंह ने बताया कि बेटों ने उसे 50 डिसमिल जमीन दी है जिसमें सिर्फ धान की थोड़ी सी फसल होती है। इस फसल से दो पति-पत्नी का गुजारा नहीं होता। जीविका चलाने के लिए अब मजदूरी करने के अतिरिक्त कोई चारा नहीं है। रिटायर्ड प्रधान पाठक सुखलाल सिंह पिछले छह महीनों से विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी से सटे ग्राम पाल दनौली में निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय में मजदूरी कर रहा है। सुखलाल ठेकेदार और राजमिस्त्री के निर्देश पर कभी सिर पर ईट, गिट्टी ढोते हैं तो कभी सीमेंट का मसाला बनाते हैं। निर्माण कार्य में लगे अन्य मजदूरों की तरह ही वे सारा काम करते हैं।

## 25 हजार के लिए सात सालों से बीईओ कार्यालय में अटका पेंशन

### बीईओ कार्यालय में सभी दस्तावेज

शासन न केवल अपने सेवकों को बल्कि सेवक की पत्नी को भी आजीवन सहारा देता है। शासन द्वारा पति को पेंशन एवं पति की मौत उपरांत पत्नी को परिवारिक पेंशन प्रदान किया जाता है। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण शासकीय सेवकों को ही पेंशन के लिए वर्षों भटकना पड़ रहा है। विकासखण्ड ओड़ग में ऐसे एक दर्जन से अधिक प्रकरण सालों से लंबित पड़े है। शिक्षकों के सभी दस्तावेज का संधारण बीईओ कार्यालय करता है। इस संबंध में अधिकारी एवं लिपिक ने अपने बचने का भी तरीका ढूंढ लिया है तथा सवाल उठाने पर अधिकारी का सीधा सा जवाब होता है कि कर्मचारी ने आवश्यक दस्तावेज अब तक उपलब्ध नहीं कराया है।



### दिया है 10 दिन का समय

मुझे आपसे मामले की सूचना मिली है। कार्यालय की यह बड़ी लापरवाही है। मामले को लेकर मैनें बीईओ को कड़ी फटकार लगाई है तथा रिटायर्ड प्रधानपाठक का पेंशन प्रकरण स्वीकृत करने 10 दिन का अल्टिमेटम दिया है। पेंशन शासकीय कर्मचारी का अधिकार है इसके लिए किसी को भी पैसे देने की जरूरत नहीं है।

**-अजय कुमार मिश्रा**, डीईओ, सूरजपुर

## विश्व हृदय दिवस पर हुई कार्यशाला

# सरगुजा में हृदय रोग के 83 सौ मरीज मुख्य कारण शारीरिक व्यायाम की कमी




जांच करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- शिविर में मिले 9 हृदय रोगी

सरगुजा में हृदय रोग को लेकर चौकाने वाली जानकारी सामने आई है। जिले में हृदय रोग के 83 सौ से अधिक मरीज है। ख़ास बात यह है कि हृदय रोग से ग्रसित होने वालों में युवाओं की संख्या अधिक है। ऐसे में सोमवार को विश्व हृदय दिवस पर नवापरा सामुदायिक स्वस्ति केंद्र में हृदयाघात से बचाव स्टेमी कार्यक्रम की शुरुआत की गई। नवापारा में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिजीत के आतिथ्य में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण और संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान एनसीडी के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि शिविर में 76 मरीजों का हृदय से संबंधित स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें से 9 व्यक्ति हृदय रोग से ग्रसित पाए गये।

सरगुजा में उच्च रक्तचाप के 45291, शुगर के 32661, हृदय रोग के 8300 मरीज है। 1 लाख की जनसंख्या में 100 मरीज की मृत्यु हृदय रोग से होती है। संगोष्ठी में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिजीत ने जानकारी दी कि कम उम्र में हो रहे हृदयाघात का मुख्य कारण शारीरिक व्यायाम की कमी है। जिसके कारण मोटापा बढ़ रहा है, कोलेस्ट्रॉल व यूरिक एसिड बढ़ने के कारण हृदय रोग होना सामान्य हो गया है। हृदयाघात को कई बार गैस की बीमारी समझकर गंभीरता से नही लेते है जिसका परिणाम दुखद होता है। छाती में भारी लगना, व साथ में पसीना आने पर तुरंत आराम करना चाहिए और समीपस्थ स्वास्थ्य केंद्र में जाकर ईसीजी करा लेना चालिये। जिससे समय रहते मरीज की जान बचाया जाना संभव रहता है। विश्व हृदय दिवस पर हृदयाघात से बचाने के लिए स्टेमी कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसके अन्तर्गत सभी विकासखण्ड को निर्देशित किया गया कि हृदयाघात आशंका वाले मरीज का इसीजी कराकर व्हाट्सअप के माध्यम से एनसीडी टीम को भेजे जो हृदय रोग

विशेषज्ञ से राय लेकर हृदयाघात का इलाज तत्काल में शुरू कर सके। इस दौरान यूपीएचसी नवापारा संस्था प्रभारी डॉ. शिला नेताम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेन्द्र राम, चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष तिवारी, सिल सेल नोडल अधिकारी डॉ. श्रीकांत सिंह चौहान, एनसीडी सलाहकार शेखर राव, शहरी सुपरवाईजर अनिल पांडे, धनेश सिंह, प्रविण राय, मनोज बिसेन, अवधेश कुजूर, श्रीमती निर्मला पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।

# भरभरा कर गिरा जिला कुटुंब न्यायालय भवन का छज्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मचा हड़कंप, बाल बाल बचे लोग, 2012 में हुआ था निर्माण

कलेक्टोरेट परिसर में स्थित फैमिली कोर्ट में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब भवन का छज्जा भरभराकर गिर गया। तेज आवाज के साथ मलबा नीचे गिरा। इस घटना में कुछ लोगों को चोटिल होने की बात भी सामने आई है लेकिन कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। यदि परिसर में भीड़ होती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

बता दें कि कलेक्टोरेट परिसर में ही जिला कुटुंब न्यायालय का भवन स्थित है। सोमवार को इस कुटुंब न्यायालय में सुवनाई चल रही थी और बाहर भी परिसर में कुछ लोग मौजूद थे। इस दौरान दोपहर लगभग 12.30 बजे अचानक ही कुटुंब न्यायालय के सामने का छज्जा भर-भराकर गिर गया। तेज आवाज के साथ भवन के सामने का हिस्सा गिरने से हड़कंप मच गया और अन्दर काम कर रहे लोग भी डरकर बाहर निकले। गनीमत रही कि कुछ लोगों को मामूली चोटें ही आई थी लेकिन अफरा तफरी की स्थिति बन गई। मलबा का कुछ हिस्सा जज की कार पर भी गिरा है। बताया जा रहा है कि उक्त कुटुंब न्यायालय भवन का उद्घाटन 21 अप्रैल 2012 को किया गया था लेकिन इस भवन के रख रखाव और मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया। इस संबंध में कोर्ट के प्रशासनिक अधिकारी विजय पाण्डेय ने भवन का छज्जा गिरा है। इसमें किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।



### युवक को रस्सी से बांधकर मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

वाड्रफनगर। प्रेमिका से मिलने गए युवक को रस्सी से बांधकर उसकी बेदम पिटाई करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने वायरल वीडियो और युवक की शिकायत के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि ग्राम मुरका निवासी 22 वर्षीय सभय आयम आ. इंदल आयम 24 व 25 सितम्बर की रात अपनी प्रेमिका से मिलने ग्राम अलका गया हुआ था। ग्रामीणों ने युवक को पकड़ लिया और गांव के लहन सिंह धुर्वे और राम रूप में युवक को रस्सी से बांधकर उसकी बेदम पिटाई की। देर रात युवक के साथ हुई इस घटना का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र द्वारा स्कीन टाइटिंग व रिशेपिंग
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

जौहरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
E-mail: jowharyhospital44@gmail.com, Web.: www.jowharyhospital.com
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS, MS, DNB (Hyderabad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन,
एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
डॉ. अलका जौहरी
MBBS, DNB (Sec-9, Bhilai)
FAIC (Bhopal)
Diploma in Cosmetic Gynaecology (ICCG)
प्रसूति, स्त्री रोग निःसंतान दम्पति विशेषज्ञ
एण्डोस्कोपिक गायनिक सर्जन
उपलब्ध विभाग
- न्यूरो सर्जरी
- आर्थो सर्जरी
- कैंसर सर्जरी
- यूरो सर्जरी
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- एण्डोस्कोपी
- नाक, कान, गला
- पीडियाट्रिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- गेस्ट्रो एंट्री सर्जरी
- प्लास्टिक सर्जरी
- स्टेम सेल थेरेपी
उपलब्ध सुविधाएँ-
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- 24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा
- सर्व सुविधा युक्त आधुनिक मशीनों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
- पैथोलॉजी
- आई.सी.यू.
- वेन्टीलेटर
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलवरी
- दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
- अल्ट्रा साउंड
- एक्स-रे, रेडियोलॉजी
- ई.सी.जी., ई.ई. जी.
- एन. सी. बी. ईको
- फॉर्मेसी (मेडिकल)
भारत में पहली बार
इन्फ्रारेड, न्यूरो सर्जरी
(भयमुक्त न्यूरोसर्जरी)
राइट इफेक्ट नो साइड इफेक्ट
सर्जरी के बाद काम में जल्दी वापसी
सभी प्रकार के ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड एवं मेडिक्लैम के अन्तर्गत
0771-4349856
81790-50740
99816-77710
पता : ढेबर सिटी मोड़ के सामने, मेन रोड, भाटागांव, रायपुर (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
न्यूरोलॉजी विभाग
- स्ट्रोक, लकवा, पैरालिसिस, चक्कर आना (वरटिगो)
- सरदर्द, माइग्रेन
- गर्दन दर्द (स्पाण्डयूलाइटिस) एवं कमर दर्द (साईटिका)
- मिर्गी/झटके की बीमारी, कम्पन्नवात् (पार्किन्सन डिसीज)
- 24x7 Dedicated Neuro ICU
- EEG, EMG, NCV, MRI, CT Scan 24x7
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कारपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. सी.एम. सिंह
DM, Neurology
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737